प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक डा. वाईएल नेने का 88वां जन्मदिन समारोह सम्पन्न

एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन (एएएचएफ) के फाउन्डर व चेयरमेन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वर्गीय डा. वाईएल नेने के 88 वें जन्मदिन समारोह के उपलक्ष्य में प्रातः 10 बजे डा. नेने की कर्मस्थली कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग के डा. आर.एस. सिंह सेमिनार हॉल, में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.के. कश्यप की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस उपलक्ष्य में डा. शैलबाला, पादप रोग विज्ञान विभाग द्वारा स्वागत किया गया। एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन के चेयरमेन डा. एस.पी.एस. बेनीवाल, डा. सुनीता टी. पाण्डे, प्रोफेसर, सस्य विज्ञान विभाग एवं कार्यकारी सचिव, एएएचएफ व पादप रोग विभाग के विभागध्यक्ष डा. के.पी. सिंह ने डा. नेने द्वारा कृषि जगत में आम व पादप रोगों के प्रंबधन में खास दी गई सेवाओं पर अपने–अपने विचार रखें। डा. नेने द्वारा भारत वर्ष की कृषि की समृद्ध विरासत को सर्वसाधारण विज्ञानिकों के मध्य पुनः स्थापित करने हेतु लगभग 22 वर्षो तक किये गये प्रयासों पर गंभीर चर्चाएं हुई। कार्यक्रम में एएएचएफ द्वारा वित्तपोषित विभिन्न विभागों के शोधार्थी पांच इर्न्टस छात्रों जिन्होंने वृक्षायुर्वेद आधारित प्राकृतिक कृषि को आगे बढ़ाने हेतु शोध कार्य किये को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही एएएचएफ मे पूर्व मे कार्यरत रहें श्री अनवर अली को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पीजी व पीएचडी के छात्र, छात्राएं, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे व वर्तमान में विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल में स्वेच्छा से सेंवाए दे रहे डा.जेपी मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शोधा छात्रा सुश्री अंजली द्वारा किया गया व धन्यवाद प्रस्ताव डा. रश्मि तिवारी, सहायक प्राध्यापक, पादप रोग विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।